Date : / /
Page No.

भागीरथी बाल शिक्षा सदन सै० स्कूल

कक्षा - IV, विषय - हिंदी, पाठ - 3 'भारत के इतिहास का एक सुनहरा अध्याय'

(स्वतंत्रता आंदोलन के सुखद परिणामों की झलक)

इस पाठ में उन सुनहरे क्षणों का उल्लेख है जब भारत को स्वतंत्र घोषित किया गया। 15 अगस्त, 1947 का दिन विदा हो रहा था। रात को ठीक 11 बजे डॉ० राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में आए तथा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वंदे मातरम गाया। नेहरु जी ने भाषण दिया। गाँधी जी के प्रति आभार प्रकट किया। रात के बारह बजे का घंटा बजा। एक सदस्य ने शंखनाद किया। आधी रात को भारत की स्वतंत्रता का सूर्योदय हुआ। 15 अगस्त, 1947 को चारों ओर हर्ष था। जनता खुशी से नाच रही थी। 15 अगस्त 1947 को प्रातः 8:35 बजे चीफ़ जस्टिस कानिया ने लार्ड माउंटबेटन को आज़ाद भारत के पहले गवर्नर जनरल की शपथ दरबार हाल में दिलाई। इसके बाद वे अपनी पत्नी के साथ संसद भवन आए। डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने अपने भाषण में उन्हें धन्यवाद दिया। 11 बजे यह कार्यवाही समाप्त हो गई। स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक नया अध्याय शुरु हुआ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

प्र०-1 इस पाठ में किस घटना का उल्लेख किया गया है?

उ० = इस पाठ में उन सुनहरे क्षणों का उल्लेख किया गया है जब भारत को स्वतंत्र घोषित किया गया।

प्र०-2 इस घटना को 'आधी रात का सूरज' क्यों कहा गया है?

उ० = इस घटना को 'आधी रात का सूरज' इसलिए कहा गया है क्योंकि आधी रात को ही भारत की स्वतंत्रता का सूर्योदय हुआ।

Scanned with CamScanner

प्र०-3 रात को ठीक 11 बजे सभा-भवन में क्या हुआ ?

उ०= रात को ठीक 11 बजे सभा-भवन में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा गाँधी जी का आभार प्रकट किया। इसके पश्चात पं० जवाहर लाल नेहरु जी ने भाषण दिया।

प्र०-4 भारत की स्वतंत्रता का सूर्योदय कब हुआ ?

उ०= 14 अगस्त, 1947 को आधी रात (बारह बजे) को भारत की स्वतंत्रता का सूर्योदय हुआ।

प्र०-5 15 अगस्त, 1947 को प्रातः क्या कार्यवाही पूरी की गई ?

उ०= 15 अगस्त, 1947 को प्रातः 8:35 बजे चीफ़ जस्टिस कानिया ने लॉर्ड माउंटबेटन को आज़ाद भारत के पहले गवर्नर जनरल की शपथ दिलाई। इसके पश्चात वे संसद भवन में सत्ता हस्तांतरण में सहयोग देने के लिए आए।

तिरंगे झंडे का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।

Scanned with CamScanner

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

शंखनाद
संघर्ष
दुल्हन
व्यवस्था

1. नई दिल्ली ____________ की तरह सजी सवरी थी।
2. रात के बारह बजे एक सदस्य ने ____________ किया।
3. भीड़ के कारण सारी ____________ गड़बड़ा गई।
4. आज़ादी के ____________ की कहानी पूरी हुई।

बहुविकल्पी प्रश्न

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

15 अगस्त, 1947 को प्रात: 8:35 बजे चीफ़ जस्टिस कानिया ने लार्ड माउंटबेटन को आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल की शपथ दरबार हाल में दिलाई। इसके बाद वे अपनी पत्नी के साथ एक खुली सजी-धजी बग्घी में बैठकर संसद भवन आए। डॉ० राजेन्द्र प्रसाद और लार्ड माउंटबेटन 10 बजकर 10 मिनट पर हाल में दाखिल हुए। उन्होंने सत्ता हस्तांतरण में सहयोग देने के लिए भारतीय नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

1. किस चीफ़ जस्टिस ने शपथ दिलाई?
   (क) जस्टिस कानिया ◯ (ख) लार्ड माउंटबेटन ने ◯
   (ग) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ◯ (घ) इनमें से किसी ने नहीं ◯
2. आज़ाद भारत के पहले गवर्नर जनरल थे–
   (क) जस्टिस कानिया ◯ (ख) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ◯
   (ग) लार्ड माउंटबेटन ◯ (घ) राजगोपालाचारी ◯
3. लार्ड माउंटबेटन बग्घी में बैठकर कहाँ पहुँचे?
   (क) ससंद भवन ◯ (ख) दरबार हाल ◯
   (ग) राष्ट्रपति भवन ◯ (घ) इंडिया गेट ◯
4. 'हस्तांतरण' का अर्थ है–
   (क) दूसरे का सौंपना ◯ (ख) हाथ मिलाना ◯
   (ग) शपथ लेना ◯ (घ) आभार प्रकट करना ◯

Scanned with CamScanner

शब्द ज्ञान

रात्रि	=	रात
आभार	=	एहसान मानना
सूर्योदय	=	सूर्य + उदय, सूरज निकलना
शंखनाद	=	शंख बजने की आवाज़
हस्तांतरण	=	दूसरे को सौंपना
करतल-ध्वनि	=	तालियों की आवाज़
श्रद्धांजलि	=	श्रद्धा प्रकट करना
प्रसन्नता	=	खुशी
प्रण	=	प्रतिज्ञा
हर्ष	=	खुशी
विशिष्ट	=	खास
संकल्प	=	पक्का इरादा
प्राचीर	=	बाहरी दीवार

Scanned with CamScanner